www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 JANUARY 22, 2017 SHIFT 1 SOCIOLOGY QUESTION PAPER

| J | A | 0 | 0 | 5 | 1 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|

Time : 1 ¼ hours] [Maximum Marks : 100

Number of Pages in this Booklet : 24

Number of Questions in this Booklet : 50

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The test booklet no. and OMR sheet no. should be same. In case of discrepancy in the number, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of the Test Booklet / OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
   (iv) प्रश्न पुस्तिका नं. और OMR पत्रक नं. समान होने चाहिए । यदि नंबर भिन्न हों, तो परीक्षार्थी प्रश्न-पुस्तिका / OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   उदाहरण : ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

# SOCIOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. Who has stated that the history of society is the history of the class struggle ?
   (1) Emile Durkheim
   (2) George Herbert Mead
   (3) Erving Goffmann
   (4) Karl Marx

2. Who has propounded the concept of 'collective representation' in sociology ?
   (1) Emile Durkheim
   (2) Max Weber
   (3) Auguste Comte
   (4) Karl Marx

3. A Society which pessimistically depicts the social transformation brought about by modernization is a :
   (1) Global society
   (2) Local society
   (3) Mass society
   (4) Civil society

4. In any social arrangement in which the behaviour of majority is governed by norms and roles is known as :
   (1) Association
   (2) Community
   (3) Institution
   (4) Culture

5. Lack of appropriate cultural resources like language and knowledge is known as :
   (1) Cultural materialism
   (2) Cultural deprivation
   (3) Cultural trait
   (4) Cultural pluralism

6. Who has said that "man's uniqueness lies in his possession of culture" ?
   (1) R.M. MacIver
   (2) E. Durkheim
   (3) R. Benedict
   (4) K. Davis

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# समाजशास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित में से किसने यह कहा है कि समाज का इतिहास वर्ग संघर्ष का इतिहास है ?

   (1) इमाईल दुर्खीम　　(2) जॉर्ज हरबर्ट मीड

   (3) इर्विंग गॉफमैन　　(4) कार्ल मार्क्स

2. निम्नलिखित में से किसने समाजशास्त्र में 'सामूहिक प्रतिनिधित्व' की अवधारणा का प्रतिपादन किया है ?

   (1) इमाईल दुर्खीम　　(2) मैक्स वेबर

   (3) अगस्त कॉम्त　　(4) कार्ल मार्क्स

3. एक समाज जो आधुनिकीकरण द्वारा लाए गए सामाजिक परिवर्तन को निराशावादी रूप में निरूपित करता है, उसे कहते हैं :

   (1) वैश्विक समाज　　(2) स्थानीय समाज

   (3) जन समाज　　(4) नागरिक समाज

4. किसी भी सामाजिक व्यवस्था जिसमें बहुसंख्य का व्यवहार प्रतिमानों और भूमिकाओं से संचालित होता है को कहा जाता है :

   (1) साहचर्य　　(2) समुदाय

   (3) संस्था　　(4) संस्कृति

5. भाषा और ज्ञान जैसे उपयुक्त सांस्कृतिक संसाधनों की कमी को कहा जाता है :

   (1) सांस्कृतिक भौतिकवाद　　(2) सांस्कृतिक वंचन

   (3) सांस्कृतिक लक्षण　　(4) सांस्कृतिक बहुलवाद

6. निम्नलिखित में से किसका यह कथन है कि "मनुष्य का अनोखापन उसकी संस्कृति के आधिपत्य में निहित होता है" ?

   (1) आर.एम. मैकाइवर　　(2) ई. दुर्खीम

   (3) आर. बेनेडिक्ट　　(4) के. डेविस

7. Which one of the following is not an ascribed status ?

(1) Sex (2) Age

(3) Occupation (4) Kinship

8. Which one of the following refers to an individual whose behaviour in a particular role provides a pattern upon which another individual bases his behaviour in performing the same role ?

(1) Ideal role (2) Role model

(3) Perceived role (4) Internalized role

9. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists.

| List – I (Authors) | | List – II (Classification of Groups) | |
|---|---|---|---|
| a. | Miller | i. | Community – Association |
| b. | Tonnies | ii. | Vertical – Horizontal |
| c. | Park and Burgess | iii. | Genetic-Congregate |
| d. | Giddings | iv. | Territorial – Non-territorial |
| | | v. | Positive-negative |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | v |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | iv | iii | v | i |

10. Who has observed that 'each person in society inevitably occupies multiple statuses and that, for each of these statuses, there is an associated role' ?

(1) R.K. Merton (2) R. Linton

(3) T. Newcomb (4) W.F. Ogburn

7. निम्नलिखित में से कौन सी प्रदत्त प्रस्थिति नहीं है ?

(1) लिंग (2) आयु

(3) व्यवसाय (4) नातेदारी

8. निम्नलिखित में से कौन सा उस व्यक्ति को संदर्भित करता है जिसका विशेष भूमिका में व्यवहार एक प्रतिमान प्रदान करता है और जिसके आधार पर दूसरा व्यक्ति उसी भूमिका के निर्वहन में अपना व्यवहार करता है ?

(1) आदर्श भूमिका (2) भूमिका प्रतिरूप

(3) इन्द्रियगोचर भूमिका (4) आत्मसात् भूमिका

9. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर दीजिए :

| **सूची – I (लेखक)** | **सूची – II (समूहों का वर्गीकरण)** |
|---|---|
| a. मिलर | i. समुदाय – समिति |
| b. टॉनीज | ii. ऊर्ध्व – क्षैतिज |
| c. पार्क और बर्गेस | iii. आनुवंशिक-संचयन |
| d. गिडिंग्स | iv. क्षेत्रीय – गैर-क्षेत्रीय |
| | v. सकारात्मक-नकारात्मक |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | v |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | iv | iii | v | i |

10. यह टिप्पणी किसकी है कि 'समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपरिहार्य रूप से अनेक प्रस्थिति होती है और इनमें से प्रत्येक प्रस्थिति से एक भूमिका जुड़ी होती है' ?

(1) आर.के. मर्टन (2) आर. लिंटन

(3) टी. न्यूकॉम्ब (4) डब्ल्यू.एफ. ऑग्बर्न

prepp
Your Personal Exams Guide

11. The distinction between in-group and out-group was given by :

| | |
|---|---|
| (1) G. Simmel | (2) P. Sorokin |
| (3) W.G. Sumner | (4) H. Spencer |

12. Who has classified groups into 'dyad' and 'triad' ?

| | |
|---|---|
| (1) Sorokin | (2) Sumner |
| (3) Simmel | (4) Giddings |

13. Who has said that marriage is rooted in the family rather than the family is rooted in marriage ?

| | |
|---|---|
| (1) Kingsley Davis | (2) G.P. Murdock |
| (3) E. Westermarck | (4) C. Levi-Strauss |

14. 'Taravad' is a kind of :

| | |
|---|---|
| (1) a kinship usage | (2) a rule of residence |
| (3) an extended family | (4) a community |

15. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I (Authors) | | List – II (Books) | |
|---|---|---|---|
| a. | G.P. Murdock | i. | The Religion of India : The Sociology of Hinduism and Buddhism |
| b. | K.M. Kapadia | ii. | Short History of Marriage |
| c. | E. Westermarck | iii. | Marriage and Family in India |
| d. | Max Weber | iv. | Social Structure |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | ii | iii | iv | i |

11. निम्नलिखित में से किसने अंत:समूह और बाह्य समूह के बीच विभेद किया था ?

(1) जी. सिमेल (2) पी. सोरोकिन

(3) डब्ल्यू.जी. समनर (4) एच. स्पेन्सर

12. निम्नलिखित में से किसने समूहों को 'द्विक' और 'त्रिक' में वर्गीकृत किया है ?

(1) सोरोकिन (2) समनर

(3) सिमेल (4) गिडिंग्स

13. निम्नलिखित में से किसने यह कहा है कि विवाह की जड़ें परिवार में हैं न कि परिवार की जड़ें विवाह में हैं ?

(1) किंग्स्ले डेविस (2) जी.पी. मर्डाक

(3) ई. वेस्टरमार्क (4) सी. लेवी-स्ट्रॉस

14. 'तारावाड' है एक प्रकार का :

(1) नातेदारी प्रयोग (2) आवास का नियम

(3) विस्तारित परिवार (4) एक समुदाय

15. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I (लेखक)** | **सूची – II (पुस्तकें)** |
|---|---|
| a. जी.पी. मर्डाक | i. द रिलिजियन ऑफ इंडिया : द सोशियोलॉजी ऑफ हिन्दुइज्म एण्ड बुद्धिज्म |
| b. के.एम. कपाड़िया | ii. शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ मैरिज |
| c. ई. वेस्टरमार्क | iii. मैरिज एंड फैमिली इन इंडिया |
| d. मैक्स वेबर | iv. सोशल स्ट्रक्चर |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | i | ii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | ii | iii | iv | i |

16. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I (Concepts) | | List – II (Authors) | |
|---|---|---|---|
| a. | Primary group | i. | Freud |
| b. | Generalized other | ii. | Cooley |
| c. | Super ego | iii. | Durkheim |
| d. | Collective Consciousness | iv. | Mead |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | iii | iv | ii | i |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | iv | iii | i | ii |

17. Which one is the correct statement about socialization ?
(1) An election process
(2) A time taking process
(3) A policy making process
(4) A role seeking process

18. Which one is the important concept in the theory of Socialization held by Emile Durkheim ?
(1) Role performing
(2) Imagining the other
(3) Collective consciousness
(4) Division of labour

19. Pierre Bourdieu's theoretical perspective makes use of the concept of capital. Which of the following is not a part of this concept ?
(1) Economic Capital
(2) Political Capital
(3) Social Capital
(4) Cultural Capital

Prepp
Your Personal Exams Guide

16. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (अवधारणा) | | सूची – II (लेखक) | |
|---|---|---|---|
| a. | प्राथमिक समूह | i. | फ्रायड |
| b. | सामान्यीकृत अन्य | ii. | कूले |
| c. | परा-अहं | iii. | दुर्खीम |
| d. | सामूहिक चेतना | iv. | मीड |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | iii | iv | ii | i |
| (3) | ii | iv | i | iii |
| (4) | iv | iii | i | ii |

17. निम्नलिखित में से कौन सा कथन समाजीकरण के संबंध में सही है ?

(1) चुनाव प्रक्रिया
(2) समय लेने की प्रक्रिया
(3) नीति निर्माण प्रक्रिया
(4) भूमिका ग्रहण प्रक्रिया

18. इमाईल दुर्खीम के समाजीकरण के सिद्धान्त में निम्नलिखित में से कौन सी महत्त्वपूर्ण अवधारणा है ?

(1) भूमिका निष्पादन
(2) दूसरे को प्रतिबिम्बित करना
(3) सामूहिक चेतना
(4) श्रम का विभाजन

19. पियरे बोर्डियू का सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य पूँजी की अवधारणा का प्रयोग करता है । निम्नलिखित में से कौन उसकी अवधारणा का भाग नहीं है ?

(1) आर्थिक पूँजी
(2) राजनीतिक पूँजी
(3) सामाजिक पूँजी
(4) सांस्कृतिक पूँजी

prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** Which term is used to describe various aspects of an individual's identity such as class, ethnicity, gender, disability and location ?

(1) Intersectionality
(2) Ascription
(3) Meritocracy
(4) Mobility

**21.** Who among the following has conceptualized caste stratification into four types namely cultural universalistic, cultural particularistic, structural universalistic and structural particularistic ?

(1) Andre Beteille
(2) E.R. Leach
(3) Yogendra Singh
(4) A.C. Mayer

**22.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| **List – I (Books)** | **List – II (Authors)** |
|---|---|
| a. Dynamics of Culture Change | i. M.N. Srinivas |
| b. Social Change in Modern India | ii. B. Malinowski |
| c. India's Changing Villages | iii. Yogendra Singh |
| d. Modernization of Indian Tradition | iv. S.C. Dube |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iv | iii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iv | ii | iii | i |
| (4) | iii | ii | i | iv |

**23.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Social change is inevitable.

**Reason (R) :** There are various kinds of external and internal forces operating with each other within the system.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

**20.** व्यक्ति की पहचान जैसे वर्ग, नृजातीयता, लिंग, नि:शक्तता और स्थान के विभिन्न पहलुओं के वर्णन के लिए किस पद का प्रयोग किया जाता है ?

(1) अन्तरनुभागीयता (2) आरोपण

(3) मेधातंत्र (4) गतिशीलता

**21.** निम्नलिखित में से किसने जाति स्तरण की संकल्पना चार प्रकारों, सांस्कृतिक सार्वभौमिक, सांस्कृतिक विशिष्टता, संरचनात्मक सार्वभौमिक और संरचनात्मक विशिष्टता में की है ?

(1) आन्द्रे बेते (2) ई.आर. लीच

(3) योगेन्द्र सिंह (4) ए.सी. मेयर

**22.** सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (पुस्तकें) | सूची – II (लेखक) |
|---|---|
| a. डायनामिक्स ऑफ कल्चरल चेंज | i. एम.एन. श्रीनिवास |
| b. सोशल चेंज इन मॉडर्न इंडिया | ii. बी. मैलिनोवस्की |
| c. इंडियाज चेन्जिग विलेज़ेज | iii. योगेन्द्र सिंह |
| d. मॉडर्नाइजेशन ऑफ इंडियन ट्रेडिशन | iv. एस.सी. दुबे |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iv | iii |
| (2) | i | ii | iv | iii |
| (3) | iv | ii | iii | i |
| (4) | iii | ii | i | iv |

**23.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को तर्क (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** सामाजिक परिवर्तन अनिवार्य है ।

**तर्क (R)** : विभिन्न प्रकार की बाह्य और आंतरिक शक्तियाँ होती हैं जो व्यवस्था के अंदर एक-दूसरे के साथ काम करती हैं ।

निम्नलिखित कूटों में से सही उत्तर दीजिए :

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, किंतु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, किंतु (R) सही है ।

**24.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I (Concepts) | | List – II (Thinkers) | |
|---|---|---|---|
| a. | Cultural structure and Cultural performances | i. | K. Marx |
| b. | Non-violence | ii. | M.N. Srinivas |
| c. | Sanskritization | iii. | M.K. Gandhi |
| d. | Class consciousness | iv. | R. Redfield and M. Singer |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

prepp Your Personal Exam Guide

**25.** According to whom anthropology is a natural science and studies human society, often using the methods of the natural sciences ?

(1) B. Malinowski

(2) A.R. Radcliffe-Brown

(3) C. Levi-Strauss

(4) John Dewey

**26.** Who talks about 'roles' in virtue of social relationships ?

(1) A.R. Radcliffe-Brown (2) R.K. Merton

(3) S.F. Nadel (4) C. Levi-Strauss

**27.** According to whom, culture is held to embody principles which mirror essential features of the human mind – 'binary classificatory systems' ?

(1) S.F. Nadel (2) A.R. Radcliffe-Brown

(3) R.K. Merton (4) C. Levi-Strauss

**24.** सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** (अवधारणा) | | **सूची – II** (चिन्तक) | |
|---|---|---|---|
| a. | सांस्कृतिक संरचना और सांस्कृतिक क्रिया | i. | के. मार्क्स |
| b. | अहिंसा | ii. | एम.एन. श्रीनिवास |
| c. | संस्कृतिकरण | iii. | एम.के. गांधी |
| d. | वर्ग चेतना | iv. | आर. रेडफील्ड और एम. सिंगर |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

**25.** यह किसने कहा है कि मानव विज्ञान एक प्राकृतिक विज्ञान है और बहुधा प्राकृतिक विज्ञान की पद्धतियों का प्रयोग कर मानव समाज का अध्ययन करता है ?

(1) बी. मैलिनोवस्की (2) ए.आर. रेडक्लिफ-ब्राउन

(3) सी. लेवी-स्ट्रॉस (4) जॉन डेवी

**26.** निम्नलिखित में से कौन सामाजिक संबंधों के आधार पर 'भूमिकाओं' की बात करता है ?

(1) ए.आर. रेडक्लिफ-ब्राउन (2) आर.के. मर्टन

(3) एस.एफ. नाडेल (4) सी. लेवी-स्ट्रॉस

**27.** निम्नलिखित में से किसके अनुसार संस्कृति को सिद्धान्तों को मूर्त रूप प्रदान करने वाला कहा जाता है जो मानवीय मस्तिष्क की अनिवार्य विशेषताओं को प्रतिबिम्बित करता है – 'दोहरा वर्गीय प्रणाली' ?

(1) एस.एफ. नाडेल (2) ए.आर. रेडक्लिफ-ब्राउन

(3) आर.के. मर्टन (4) सी. लेवी-स्ट्रॉस

**28.** Match List-I with List-II.

| List – I (Books) | | List – II (Authors) | |
|---|---|---|---|
| a. | The Theory of Social Structure | i. | R.K. Merton |
| b. | Social theory and Social Structure | ii. | C. Levi-Strauss |
| c. | Structure and Function in Primitive Society | iii. | S.F. Nadel |
| d. | Structural Anthropology | iv. | A.R. Radcliffe-Brown |

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

**29.** Malinowski is best known for emphasizing the importance of which one of the following ?

(1) Oral History
(2) Content Analysis
(3) Ethnography
(4) Narratives

**30.** Which term is used by Parsons to explain the fundamental 'dilemmas' facing all actors and involved in all social situations ?

(1) Social Actions
(2) Value Orientations
(3) Pattern Variables
(4) Functional Pre-requisites

**31.** Central to Durkheim's functionalism was a distinction between which forms of social organization ?

(1) Normal and Pathological
(2) Normal and Healthy
(3) Average and Abnormal
(4) Forced and Anomic

**32.** According to Merton which one of the following sequences is correct ?

(1) Innovation, Retreatism, Ritualism, Rebellion.
(2) Ritualism, Rebellion, Innovation, Retreatism.
(3) Rebellion, Retreatism, Ritualism Innovation.
(4) Innovation, Ritualism, Retreatism, Rebellion.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**28.** सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| सूची – I (पुस्तकें) | सूची – II (लेखक) |
|---|---|
| a. द थ्योरी ऑफ सोशल स्ट्रक्चर | i. आर.के. मर्टन |
| b. सोशल थ्योरी एंड सोशल स्ट्रक्चर | ii. सी. लेवी-स्ट्रॉस |
| c. स्ट्रक्चर एंड फंक्शन इन प्रिमिटिव सोसाइटी | iii. एस.एफ. नाडेल |
| d. स्ट्रक्चरल एन्थ्रोपोलोजी | iv. ए.आर. रेडक्लिफ-ब्राउन |

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर दीजिए :

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

**29.** मैलिनोवस्की को निम्नलिखित में से किसके महत्त्व पर बल देने के लिए सबसे अधिक जाना जाता है ?

(1) मौखिक इतिहास (2) विषयवस्तु विश्लेपण

(3) नृजाति वर्णन (4) वर्णन

**30.** व्यक्तियों के द्वारा सभी क्रियाओं के सम्मुख विद्यमान और सभी सामाजिक परिस्थितियों में सम्मिलित बुनियादी 'द्विविधाओं' की व्याख्या के लिए किस पद का प्रयोग किया जाता है ?

(1) सामाजिक क्रियाएँ (2) मूल्य अभिमुखीकरण

(3) प्रतिमान चर (4) प्रकार्यात्मक पूर्व अपेक्षाएँ

**31.** दुर्खीम के प्रकार्यवाद के केंद्र में सामाजिक संगठन के किन रूपों के बीच विभेद था ?

(1) सामान्य और व्याधिकीय (2) सामान्य और स्वस्थ

(3) औसत और असामान्य (4) बलात् और अप्रतिमानित

**32.** मर्टन के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा क्रम सही है ?

(1) नवप्रवर्तन, पश्चगमनवाद, कर्मकांडवाद, विद्रोह

(2) कर्मकांडवाद, विद्रोह, नवप्रवर्तन, पश्चगमनवाद

(3) विद्रोह, पश्चगमनवाद, कर्मकांडवाद, नवप्रवर्तन

(4) नवप्रवर्तन, कर्मकांडवाद, पश्चगमनवाद, विद्रोह

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** "The problems which scientists selected for study, and their conceptualization, were determined by the values of the scientists." According to Max Weber, this statement refers to

(1) Value Judgement (2) Value Neutrality

(3) Normative Value (4) Value Relevance

**34.** Match List-I with List-II.

| **List – I (Authors)** | | **List – II (Concepts)** | |
|---|---|---|---|
| a. | Max Weber | i. | Circulation of elites |
| b. | V. Pareto | ii. | Symbolic Interactionism |
| c. | G.M. Mead | iii. | Interpretative understanding |
| d. | Herbert Blumer | iv. | Self |

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | iv | ii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | ii | i | iii | iv |

**35.** According to Marx 'when people become aware of their conflicting relations with other classes' then it results into :

(1) Class in itself (2) Division of labour

(3) Class for itself (4) Development of leadership

**36.** Who has stated that 'the conflict is dysfunctional, if the structures are rigid' ?

(1) K. Marx (2) L.A. Coser

(3) E. Durkheim (4) J.C. Alexander

**37.** According to Dahrendorf, "the aggregates of incumbents of positions with identical role interests" is known as :

(1) The interest group (2) The conflict group

(3) The quasi group (4) The Primary group

33. "वैज्ञानिकों ने जिन समस्याओं को अध्ययन करने और उनके प्रत्ययीकरण के लिए चुना उनका निर्धारण वैज्ञानिकों के मूल्यों के द्वारा हुआ था ।" मैक्स वेबर के अनुसार यह कथन किसे संदर्भित करता है ?

(1) मूल्य निर्णय
(2) मूल्य तटस्थता
(3) मानकीय मूल्य
(4) मूल्य प्रासंगिकता

34. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| सूची – I (लेखक) | | सूची – II (अवधारणाएँ) | |
|---|---|---|---|
| a. | मैक्स वेबर | i. | अभिजात्य संचरण |
| b. | वी. पैरेटो | ii. | प्रतीकात्मक अंत:क्रियावाद |
| c. | जी.एच. मीड | iii. | व्याख्यात्मक बोध |
| d. | हर्बर्ट ब्लूमर | iv. | स्व |

निम्नलिखित कूटों से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | iv | ii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | ii | i | iii | iv |

35. मार्क्स के अनुसार 'जब लोग दूसरे वर्गों के साथ अपने द्वंद्वात्मक संबंधों के प्रति जागरूक हो जाते हैं' तब इसका परिणाम होता है :

(1) स्वयं में वर्ग
(2) श्रम-विभाजन
(3) स्वयं के लिए वर्ग
(4) नेतृत्व का विकास

36. निम्नलिखित में से किसने यह कहा कि 'यदि संरचनाएँ अनम्य होती हैं तो संघर्ष अप्रकार्यात्मक होता है' ?

(1) के. मार्क्स
(2) एल.ए. कोज़र
(3) ई. दुर्खीम
(4) जे.सी. अलेक्जेंडर

37. डेहरेनडॉर्फ के अनुसार, 'समान भूमिका हितों के साथ श्रेणियों के पदधारकों के समूह' को कहा जाता है :

(1) हित समूह
(2) संघर्ष समूह
(3) अर्ध समूह
(4) प्राथमिक समूह

prepp
Your Personal Exams Guide

**38.** Who has written the book 'Rules of Sociological Method' ?

(1) Max Weber (2) Auguste Comte

(3) Emile Durkheim (4) Karl Marx

**39.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| List – I (Concepts) | | List – II (Sociologists) | |
|---|---|---|---|
| a. | Verstehen | i. | Auguste Comte |
| b. | Historical Materialism | ii. | Emile Durkheim |
| c. | Positivism | iii. | Max Weber |
| d. | Indirect experiment | iv. | Karl Marx |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

**40.** Who has presented the view, 'a historical approach that also makes possible generalizations about processes of social change' ?

(1) C.H. Carr (2) Max Weber

(3) Arnold J. Toynbee (4) Karl Marx

**41.** A survey design meant for collection of data needed from the same selected population at different points of time is known as :

(1) Cohort Survey (2) Cross-sectional Survey

(3) Longitudinal Survey (4) Pilot Survey

38. निम्नलिखित में से कौन 'रूल्स ऑफ सोशियोलॉजिकल मेथड' नामक पुस्तक के लेखक हैं ?

(1) मैक्स वेबर (2) अगस्त कॉम्त
(3) इमाईल दुर्खीम (4) कार्ल मार्क्स

39. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर दीजिए :

| सूची – I (अवधारणाएँ) | सूची – II (समाजशास्त्री) |
|---|---|
| a. वर्स्टेहेन | i. अगस्त कॉम्ट |
| b. ऐतिहासिक भौतिकवाद | ii. इमाईल दुर्खीम |
| c. प्रत्यक्षवाद | iii. मैक्स वेबर |
| d. अप्रत्यक्ष प्रयोग | iv. कार्ल मार्क्स |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | iii | iv | i | ii |

40. किसने, 'ऐतिहासिक उपागम जो सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रियाओं के बारे में सामान्यीकरण को भी संभव करता है.' का विचार प्रस्तुत किया ?

(1) सी.एच. कार (2) मैक्स वेबर
(3) आर्नोल्ड जे. टॉयनबी (4) कार्ल मार्क्स

41. अलग-अलग समय बिन्दुओं पर समान चयनित जनसंख्या से आँकड़ों के संग्रहण के लिए बनी सर्वेक्षण रूपरेखा को कहा जाता है :

(1) कोहर्ट सर्वेक्षण (2) प्रति-वर्गीय सर्वेक्षण
(3) अनुदैर्ध्य सर्वेक्षण (4) प्रायोगिक सर्वेक्षण

Prepp Your Personal Exam Guide

**42.** A hypothesis that suggests no relationship among the variables selected under study is called :

(1) Conflict hypothesis (2) Comfort hypothesis

(3) Null hypothesis (4) Contrary hypothesis

**43.** Who said these words : "I started research as a non-participating observer. As I became accepted into the community, I found myself becoming almost a non-observing participant" ?

(1) B. Malinowski (2) E. Durkheim

(3) William.F. Whyte (4) N. Anderson

**44.** Given below are two statements, one is Assertion (A) and other is the Reason (R) :

**Assertion (A) :** Qualitative methods are often criticized for failing to meet the same standards of reliability.

**Reason (R) :** The procedures used to collect data in Qualitative studies are precise and accurate.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**45.** The study of recorded human communications such as books, websites, paintings, Laws is known as

(1) Content analysis (2) Semiotics

(3) Book-view (4) Ethnography

**46.** In which qualitative approach the primary goal is to gain access to individuals' inner world experiences ?

(1) Case study (2) Ethnography

(3) Phenomenology (4) Grounded theory

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**42.** वह परिकल्पना जो सुझाती है कि अध्ययन के अंतर्गत चयनित परिवर्तियों के बीच कोई संबंध नहीं है, को कहा जाता है :

(1) संघर्ष परिकल्पना (2) सुख परिकल्पना

(3) अमान्य परिकल्पना (4) विपरीत परिकल्पना

**43.** निम्नलिखित में से किसने यह कहा, "मैंने असहभागी के रूप में शोध आरम्भ किया । जैसे ही मैं समुदाय में स्वीकार्य हो गया, मैंने स्वयं को गैर-प्रेक्षक सहभागी बनता पाया" ?

(1) बी. मैलिनोवस्की (2) ई. दुर्खीम

(3) विलियम एफ. व्हाइट (4) एन. एन्डर्सन

**44.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है :

**अभिकथन (A) :** गुणात्मक पद्धतियों की बहुधा विश्वसनीयता के वही मानक पूरे करने में विफल रहने के लिए आलोचना की जाती है ।

**तर्क (R) :** गुणात्मक पद्धतियों में आँकड़ों के संग्रह के लिए प्रयुक्त प्रक्रियाएँ यथातथ्य और सटीक होती हैं ।

निम्नलिखित कूटों से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, किंतु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, किंतु (R) सही है ।

**45.** लिपिबद्ध मानव सम्प्रेपण जैसे पुस्तकें, वेबसाइट्स, चित्रों, कानूनों के अध्ययन को कहा जाता है :

(1) विषयवस्तु विश्लेपण (2) लक्षण विषयक

(3) पुस्तकीय दृष्टिकोण (4) नृजाति वर्णन

**46.** किस गुणात्मक उपागम में प्राथमिक लक्ष्य व्यक्ति के आंतरिक जगत के अनुभवों तक पहुँचना होता है ?

(1) एकल अध्ययन (2) नृजाति वर्णन

(3) प्रघटना विज्ञान (4) ग्राउन्डेड सिद्धान्त

Prepp
Your Personal Exams Guide

**47.** In a normal distribution the Mean, Median and Mode are located at :

(1) All the three in the centre.

(2) Mean on the left of centre, Median in the Centre and Mode on the right of centre.

(3) Mean in the centre, Median on the left, Mode on the right.

(4) None of the three is located in the centre.

**48.** Which one of the following averages can be applied to the qualitative variables ?

(1) Mean (2) Mode

(3) Median (4) Geometric Mean

**49.** Correlation coefficient measures the relationship between which couple of variables ?

(1) A qualitative and a quantitative variable.

(2) Both the qualitative variable.

(3) Both the quantitative variables.

(4) More than two qualitative variables.

**50.** Reliability in social research includes :

A. Dependability of data collected.

B. A test or measurement used to collect data.

C. A test of consistency and association.

D. A measure which gives same results if repeated.

Mark the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(1) A, B and C (2) B, C and D

(3) A, C and D (4) A, B and D

Prepp
Your Personal Exam Guide

**47.** प्रसामान्य वितरण में माध्य, माध्यिका और बहुलक कहाँ अवस्थित होते हैं ?

(1) सभी तीनों केन्द्र में

(2) माध्य केंद्र की बाईं ओर, माध्यिका केंद्र में और बहुलक केन्द्र के दाईं ओर

(3) माध्य केंद्र में, माध्यिका की बाईं ओर, बहुलक की दाईं ओर

(4) तीनों में से कोई भी केंद्र में अवस्थित नहीं होता ।

**48.** निम्नलिखित औसतों में से कौन सा एक गुणात्मक चरों पर लागू हो सकता है ?

(1) माध्य
(2) बहुलक
(3) माध्यिका
(4) ज्यामितीय माध्य

**49.** सहसंबंध गुणांक निम्नलिखित में से किन दो चरों के बीच संबंध को मापता है ?

(1) एक गुणात्मक और एक मात्रात्मक चर
(2) दोनों गुणात्मक चर
(3) दोनों मात्रात्मक चर
(4) दो से अधिक गुणात्मक चर

**50.** सामाजिक शोध में विश्वसनीयता में सम्मिलित होता है :

A. संग्रहित आँकड़ों की विश्वसनीयता

B. आँकड़ों के संग्रह के लिए प्रयुक्त परीक्षण या माप

C. संगति और साहचर्य का परीक्षण

D. वह माप जो दोहराए जाने पर भी वही परिणाम देता है ।

नीचे दिए गये कूटों में से सही उत्तर दीजिये :

**कूट :**

(1) A, B और C
(2) B, C और D
(3) A, C और D
(4) A, B और D

___________

prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

prepp
Your Personal Exam Guide